आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अगस्त 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वाराणसी दौरा आज। पीएम–किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी करने के साथ बाइस सौ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करगे प्रधानमंत्री।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक। कहा– उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन–लेदर क्षेत्र विकास नीति दो हजार पचीस प्रदेश को बनाएगी लेदर फुटवियर का वैश्विक केंद्र।
- खरीफ सत्र की अधिसूचित फसलों के बीमा के लिये सरकार ने बढ़ाई अन्तिम तिथि। अब तीस अगस्त तक फसल बीमा करा सकेंगे ऋणी कृषक।
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की हुयी घोषणा। हिन्दी फिल्मों का सराहनीय प्रदर्शन। बारहवीं फेल फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार।
- प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। कई जिलों में नदियां उफान पर।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आयेंगे। इस दौरान वह करीब बाइस सौ करोड़ रूपये की लागत वाली बावन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सेवापुरी में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। वाराणसी दौरे पर पीएम मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर वह दो हजार से अधिक दिव्यांगजन और वृद्धजन को सहायक उपकरणों का भी वितरण करेंगे। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी से पीएम–किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के तहत देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से ज़्यादा किसानों के बैंक खातों में सीधे 20,500 करोड़ हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री, वाराणसी–भदोही मार्ग और छितौनी–शूल टंकेश्वर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण और मोहन सराय–अदलपुरा मार्ग पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए हरदत्तपुर में रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन करेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 8 रिवरफ्रंट के पुनर्विकास और विभिन्न कुंडों में जल शोधन और 4 फ्लोटिंग पूजन प्लेटफार्मों की स्थापना की आधारशिला रखेंगे।साथ ही जल जीवन मिशन के तहत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत से संबंधित कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन पहलों का उद्देश्य समग्र शहरी परिवर्तन, सांस्कृतिक कायाकल्प, बेहतर कनेक्टिविटी और वाराणसी के लोगों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करना है।***

प्रधानमंत्री के दौरे के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम वाराणसी पहुंच कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

**********

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनाव की अधिसूचना सात अगस्त को जारी की जाएगी। चुनाव नौ सितंबर को और मतगणना भी इसी दिन होगी। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव की अधिसूचना के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की इक्कीस तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच बाइस अगस्त को होगी जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि पचीस अगस्त है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में 'उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर एवं नॉन–लेदर क्षेत्र विकास नीति दो हजार पचीस के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति यूपी को फुटवियर–लेदर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाएगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन–से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्षों में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार–विमर्श हुआ। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।***

**********

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्स्पो–दो हजार पचीस कल सम्पन्न हो गया। इस आयोजन में युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के नये अवसरों से जोड़ा गया। एक्स्पो का उद्घाटन तीस जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। तीन दिनों में कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स ने अपने बिजनेस मॉडल्स का प्रस्तुतिकरण किया। कई उद्यमियों ने अपने स्टार्टअप अनुभव साझा कर युवाओं का उद्यमिता के प्रति मार्गदर्शन किया।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर कल लखनऊ आएंगे। वह यहां अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के तेइसवें मेधावी छात्र सम्मान समारोह में शामिल होंगे। अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज के मीडिया प्रभारी एचसी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेधावी छात्र सम्मान समारोह चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में होगा।

**********

मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद के साबरमती बीजी स्टेशन जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस के सामान्य श्रेणी वाले दो कोच कल शाम कानपुर से आगे भाऊपुर के आउटर पर पटरी से उतर गये। इसके चलते अपलाइन पर ट्रेनों का संचलन कुछ समय के लिये प्रभावित रहा जबकि डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचलन बहाल रहा।

**********

प्रदेश सरकार ने खरीफ की अधिसूचित फसलों धान, ज्वार, बाजरा, उर्द, मूंग, मक्का, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन और तिल का बीमा कराने के लिये अन्तिम तिथि बढ़ा दी है। पूर्व में फसल बीमा की अन्तिम तिथि इकतीस जुलाई निर्धारित की गयी थी। अब गैर ऋणी कृषकों के लिये यह समय–सीमा चौदह अगस्त तथा ऋणी कृषकों के लिये तीस अगस्त कर दी गयी है। इसके साथ ही कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि बीमित फसल की क्षति होने पर सूचना बहत्तर घंटे के भीतर नजदीकी फसल बीमा सेंटर, कृषि विभाग या फसल बीमा हेल्पलाइन नम्बर एक चार चार चार सात पर जरूर दे दें।

**********

प्रदेश के कृषि मन्त्री सूर्यप्रताप शाही ने कल बांदा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को ए–कैटेगरी मिलने के बाद यहां के छात्रों को रोजगार के क्षेत्र में वरीयता मिलेगी।

***अभी परियोजनाओं की लगभग एक सौ पंद्रह करोड़ की परियोजनाएं पिछले वर्षों में इनको स्वीकृत की गई उनकी समीक्षा किया है पिछले सात आठ साल के भीतर विश्वविद्यालय जो है वो काफी तेजी से आगे की ओर बढ़ा है और नये एडिशन में इसको ए कैटेगरी में इनको एडिटेशन मिला है और इनका एडिशन होने का मतलब यह है कि एम्प्लॉयमेंट में जहां पर जाएंगे इनको वहां पर प्रायोरिटी मिलती है।***

**********

जालौन मेडिकल कॉलेज में एक साधारण मरीज को जबरन ऑपरेशन करने की तैयारी करने वाली घटना सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई करते हुए दो चिकित्सक और तीन नर्सों को निलंबित कर दिया है। साथ ही श्री पाठक ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

**********

वर्ष दो हजार तेइस के लिये इकहत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म बारहवीं फेल के लिये दिया जायेगा जबकि रानी मुखर्जी को मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में इस बार हिन्दी फिल्मों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त करने में हिन्दी भाषा की फिल्में काफी आगे रही हैं। ट्वेल्थ फेल फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है जबकि सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को प्राप्त हुआ है। मेघना गुलजार की सैम बहादुर फिल्म को राष्ट्रीय, सामाजिक, पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में पुरस्कृत किया गया है। समाचार कक्ष से रीतेश।***

**********

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते कई नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है जबकि बलिया में गंगा नदी, औरैया, कालपी, बांदा में यमुना नदी और हमीरपुर में बेतवा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। प्रयागराज में भी गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों के लिए गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जगहों पर भारी वर्षा होने और बिजली गिरने की आशंका है।

**********